Regarding need to expedite the construction of new railway line from Gaya to Daltonganj via Rafiganj-laid

श्री विष्णु दयाल राम **(पलामू):** गया-शेरघाटी, इमामगंज, डालटनगंज वाया रफीगंज स्वीकृत नई रेलवे लाइन निर्माण कराना आवश्यक है । पलामू जिला देश के 112 आकांक्षी जिलों में से एक है, स्वभावतया प्रगति के पथ पर पिछड़ा हुआ है । इसके बहुत सारे इलाके की जनता आजादी के 75 वर्ष के बावजूद रेल की सुविधाओं से वंचित हैं । ऐसे ही एक क्षेत्र में हरिहरगंज, पाटन, छतरपुर, नौडीहा बाजार प्रखंड है । इस क्षेत्र को रेलवे लाइन से जोड़ने के लिए एवं यहाँ की जनता को रेल सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए गया-शेरघाटी, इमामगंज, डालटनगंज वाया रफीगंज रेल लाइन की स्वीकृति कई वर्ष पूर्व दी गई थी । परंतु आज तक उक्त परियोजना पर धरातल पर काम नहीं हो सका है । वर्ष 2023-2024 के बजट में उक्त रेलवे लाइन के निर्माण हेतु सर्वे कार्य के लिए 20 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है । इसके लिए मै माननीय रेल मंत्री जी को बधाई एवं धन्यवाद देता हूॅं । परंतु इस कार्य में तेजी लाने की आवश्यकता है ।

अतः माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि इस रेल खंड के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारम्भ कराएं ताकि बिहार एवं झारखंड दोनों राज्यों के निवासियों को रेल से आवागमन की सुविधा मिल सके।